कालबादेवी गिरगांव के मेट्रो की पुनर्वसन योजना घोषित

कालबादेवी गिरगांव के मेट्रो प्रभावितों की पुनर्वसन योजना घोषित

■ वसं, मुंबईः मेट्रो 3 के निर्माण के दौरान कालबादेवी व गिरगांव की चालों में रहने वाले 712 परिवारों के पुनर्वसन की योजना को सरकार ने अंतिम रूप दे दिया है। इन परिवारों के पुनर्वसन के लिए सरकार ने भूखंड तलाशने का काम पूरा कर लिया है। एमएमआरसी ने कालबादेवी व गिरगांव के 6 भूखंडों को एकत्रित कर पुनर्वसन की योजना तैयार की है। इसके तहत कालबादेवी के के-1, के-2, के-3 व गिरगांव के जी-1, जी -2 और जी 3 भूखंडों को जोड़ा जाएगा। भूखंड के-1, के-3 और जी 3 में लोगों को बसाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इन भूखंडों पर कालबादेवी व्यावसायिक केंद्र, कालबादेवी हाइट्स, गिरगांव हाइट्स के नाम से पुनर्विकास योजना का प्रस्ताव तैयार किया गया है। योजना की सबसे बड़ी ख़ासित यह है कि इमारतों का निर्माण कालबादेवी व गिरगांव स्टेशनों के ऊपर किया जाएगा।

सरकार ने चिह्नित किए भूखंड

स्टेशन के ऊपर इमारत का निर्माण

मेट्रो 3 के निर्माण में कालबादेवी व गिरगांव में कई दशकों से रह रहे 712 परिवार प्रभावित हो रहे है। इसमें से 657 परिवारों से एमएमआरसी से करार कर लिया है। 605 परिवारों को कुछ समय के लिए दूसरे स्थान पर रहने कई व्यवस्था सरकार पहले ही कर चुकी है। मुख्यमंत्री देवेंद्र देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को मेट्रो 3 परियोजना कई जानकारी वाली पुस्तिका का विमोचन किया। सरकार परियोजना में प्रभावित हो रहे लोगों को बड़े घर मुहैया करवा रही है। एमएमआरसी के मुताबिक जिनके घर 300 वर्ग फुट के हैं, उनको दोगुने आकर कर घर दिया जाएगा, जबकि 300 से लेकर 444 वर्ग फुट के घरों के मालिकों को 600 वर्ग फुट का घर दिया जाएगा। राज्य सरकार कोलाबा-बांद्रा-सीप्झ के बीच 33 किलोमीटर लंबी भूमिगत मेट्रो तैयार कर रही है।